आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

कुल्लू दशहरा

विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव कल भगवान श्री रघुनाथजी की रथ यात्रा के साथ शुरू हुआ। सप्ताहभर चलने वाले इस उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का उद्‌घाटन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यपाल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा न केवल एक उत्सव है बल्कि आस्था, एकता और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रतीक भी है।

कुल्लू दशहरा जैसे हिमाचल को देवभूमि के रूप में माना जाता है, वो उसकी प्रसिद्धी है। वैसे ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दशहरे का एक अपना अलग महत्व होता है। विदेशों से भी लोग आते हैं, इस दशहरे के माध्यम से मैं श्री रघुनाथ जी से इस बात की प्रार्थना करूंगा कि कम सकम जो आपदा हिमाचल में आई, वह भविष्य में ना आए लेकिन साथ ही साथ मैं हिमाचल वासियों से भी इस बात को कहना चाहूंगा कि प्रकृति के साथ अपने को जोड़ने का काम करें। नदियों में अपना घर बनाने का काम न करें।

जेपी नड्‌डा

आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर का स्थापना दिवस है। इस मौके पर संस्थान के सभागार में एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल करेंगे।

ग्रामीण स्वाद महोत्सव

राज्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आज शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रामीण स्वाद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव 7 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों सहित उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य पथ परिवहन निगम प्रदेश में जनकल्याण के लिए लगातार समर्पित है और निगम के 94 फीसदी रूट घाटे में होने के बावजूद भी निगम आम जनता की सेवा के लिए दिन–रात कार्य कर रहा है। मुकेश अग्निहोत्री कांगड़ा ज़िला के जयसिंहपुर के काथला में निगम के स्थापना

दिवस के मौके पर बस अड्डे और डिपो का भूमि पूजन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर जयसिंहपुर में लगभग 9 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

जीएसटी सुधार–स्टेशनरी वस्तुएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम स्टेशनरी क्षेत्र में जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

हमारे घर में स्टेशनरी का सामान ज्यादा उपयोग होता है, क्योंकि बच्चे लोग पढ़ते हैं इसलिए अब इसमें जीरो प्रतिशत जीएसटी लिया जा रहा है। और पहले जो जीएसटी लिया जा रहा था इरेज़र पे 5 परसेंट, शॉपनर और कागज इन सभी चीजों पर 12 परसेंट के आसपास जीएसटी लिया जा रहा था। चीजें अब हमें सस्ती दरों पर मिलने लग गई हैं जिससे फायदा अब यह होता है कि बच्चों को पढ़ने लिखने में कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

हड़ताल

प्रदेश में आज 108 और 102 एंबूलेंस कर्मी हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों ने कल 2 अक्तूबर रात आठ बजे से 108 और 102 एंबुलेंस सेवाएं बंद कर दी हैं। हड़ताल आज रात आठ बजे तक जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि ये कर्मचारी एन.एच.एम. की नीतियों के खिलाफ हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दुर्घटना

जिला सिरमौर के पच्छाद क्षेत्र की नैना टिक्कर डंगयार सड़क पर कल बारातियों की कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। बारात सोलन जिला में अर्की के घेणा भुमति से डंगयार के लिए जा रही थी।